बी ई एम एल
beml
NEW FRONTIERS. NEW DREAMS

<u>बीईएमएल ने एयरो इंडिया-2017 में अपना कौशल का प्रदर्शन किया</u>

बीईएमएल लिमिटेड, जो रक्षा मंत्रालय के अधीन मिनी रत्न श्रेणी- I का सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी है, ने एयरो इंडिया-2017 में भाग लिया है, वांतरिक्ष, रक्षा, नागर विमानन, एयरपोर्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर और रक्षा इंजीनियरिंग पर 11वीं अंतर्राष्ट्रीय रक्षा प्रदर्शनी में टाट्रा ग्राउंड समर्थन वाहन, आर्मर्ड रिकवरी वाहन, बीएमपी ट्रांसमिशन और एयरक्राफ्ट टोविंग ट्रैक्टर सहित रक्षा एवं वांतरिक्ष क्षेत्र में अपने कौशल का प्रदर्शन किया।

श्री दीपक कुमार होता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और कार्यकारी निदेशकों, सीवीओ बीईएमएल की उपस्थिति में जनरल बिपिन रावत, थल-सेनाध्यक्ष द्वारा बीईएमएल पेविलियन का उद्घाटन किया गया।

जनरल बिपिन रावत, थल-सेनाध्यक्ष द्वारा एयरो शो-2017 में बीईएमएल पेविलियन का उद्घाटन करते हुए।

एयरो शो-2017 में बीईएमएल पेविलियन का उद्घाटन करने के बाद श्री डी के होता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक बीईएमएल के साथ चर्चा करते हुए थल सेनाध्यक्ष, जनरल बिपिन रावत। साथ में दर्शित हैं श्री आर एच मुरलीधरा, निदेशक (रक्षा व्यवसाय), श्री वी आर विश्वनाथ, निदेशक (खनन और निर्माण) और श्री विद्या भूषण कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी, बीईएमएल।

श्री दीपक कुमार होता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, बीईएमएल ने कहा "बीईएमएल पेविलियन में बीईएमएल द्वारा प्रदत्त मिसाइल समुच्चय, ग्राउंड हैंडलिंग और ग्राउंड सपोर्ट उपकरण, इंजीनियरिंग सेवाएँ भी प्रदर्शित हैं।"

प्रदर्शनी के दौरान बीईएमएल ने वैश्विक उद्योगों के साथ कई व्यापारिक बैठकें आयोजित करने की योजना बनाई है। एयरो इंडिया वांतरिक्ष और रक्षा व्यापार के क्षेत्र में व्यावसायिक अवसरों की खोज के लिए एक मंच प्रदान करता है।

15.02.2017

बेंगलूर